सीकर। पंडित दीनदयाल उपाध्याय शेखावाटी विश्वविद्यालय,सीकर के प्रबंध बोर्ड (BOM) की बैठक में एक महत्वपूर्ण निर्णय लेते हुए विश्वविद्यालय के सभी आधिकारिक दस्तावेज, वेबसाइट, लेटरहेड, प्रमाण पत्र आदि में 'इंडिया' के स्थान पर देवनागरी में 'भारत' तथा अंग्रेजी में रोमन लिपि में ÒBHARATÓ लिखने के प्रस्ताव को अनुमोदन प्रदान किया गया। अब विश्वविद्यालय के तमाम दस्तावेज और छात्र-छात्राओं को मिलने वाले डिग्री-प्रमाण पत्रों पर इंडिया शब्द का उपयोग नहीं किया जाएगा।कुलगुरु प्रो. (डॉ.) अनिल कुमार राय ने बताया कि यह निर्णय भारतीय पहचान, भाषा और सांस्कृतिक मूल्यों को सशक्त करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। उन्होंने कहा कि 'भारत' शब्द हमारी ऐतिहासिक, सांस्कृतिक और सभ्यतागत विरासत का प्रतीक है, जिसे संस्थागत स्तर पर अपनाने से विद्यार्थियों में राष्ट्रीय चेतना और गौरव की भावना को बल मिलेगा। प्रो. राय ने यह भी बताया कि इस पहल से विद्यार्थियों में अपनी भाषा, संस्कृति और राष्ट्रीय पहचान के प्रति सम्मान की भावना विकसित होगी। यह फैसला विश्वविद्यालय की वैचारिक स्वतंत्रता का प्रतीक है और भारत शब्द हमें हमारी जड़ों से जोड़ता है। कुलगुरु ने बताया कि यह निर्णय शिक्षा नीति 2020 की उस भावना के अनुरूप है, जिसमें भारतीय भाषाओं और परंपराओं को बढ़ावा देने पर विशेष जोर दिया गया है। उपकुलसचिव (अकादमिक) रामसिंह सरावग ने इस निर्णय के पीछे के वैचारिक पक्ष को स्पष्ट करते हुए कहा कि 'इंडिया' शब्द भारत की स्व की अवधारणा के विपरीत प्रतीत होता है, क्योंकि इसका इतिहास औपनिवेशिक शासन से जुड़ा रहा है। उन्होंने कहा कि 'भारत' देश की ऐतिहासिक निरंतरता, आध्यात्मिक गहराई और संप्रभु पहचान का प्रतीक है, जबकि 'इंडिया' शब्द औपनिवेशिक संदर्भों को व्यक्त करता है। इसलिए विश्वविद्यालय ने अपनी आधिकारिक और प्रशासनिक अभिव्यक्ति में 'भारत' को प्राथमिकता देने का फैसला किया है। सरावग ने बताया कि विश्वविद्यालय के राजनीति विज्ञान के पाठ्यक्रम में इंडिया की जगह भारत शब्द कर दिया गया है। शेष पाठ्यक्रमों में भी आगामी बोर्ड ऑफ स्टडीज की बैठक में भारत शब्द कर दिया जाएगा।

उल्लेखनीय है कि कई विश्वविद्यालयो ने अकादमिक और प्रशासनिक गतिविधियों में इंडिया के स्थान पर भारत शब्द को औपचारिक रूप से लागू कर दिया गया है। साथ ही देश के प्रतिष्ठित केंद्रीय संस्थानों जैसे इग्नू और एनसीईआरटी की उच्च स्तरीय समितियों ने भी पाठ्यपुस्तकों और दस्तावेजों में %भारत% शब्द के उपयोग की सिफारिश की है। शेखावाटी विश्वविद्यालय इस नीति को जमीनी स्तर पर लागू करने वाले अग्रणी विश्वविद्यालयों में शामिल हो गया है। विश्वविद्यालय प्रशासन के इस निर्णय का शैक्षणिक जगत और बुद्धिजीवियों ने स्वागत किया है। वे इसे अपने गौरवशाली इतिहास और राष्ट्रीय पहचान को सुदृढ़ करने की दिशा में एक बड़ा कदम मान रहे है।

**बेहतर ढंग से समझ सकेंगे भाषा का महत्व-** कुलगुरु प्रो. (डॉ.) अनिल कुमार राय ने बताया कि इस निर्णय से विद्यार्थियों में राष्ट्रीय अस्मिता के प्रति जागरूकता बढ़ेगी तथा वे भारतीय भाषाओं के महत्व को बेहतर ढंग से समझ सकेंगे। प्रशासनिक और शैक्षणिक कार्यों में 'भारत' के उपयोग से भाषा आधारित समावेशिता को भी बढ़ावा मिलेगा। वर्तमान समय में अपनी सांस्कृतिक पहचान को सुदृढ़ करना अत्यंत आवश्यक है। इस निर्णय का उद्देश्य भारतीयता को संस्थागत स्वरूप देना, स्थानीय भाषा को सम्मान प्रदान करना तथा युवाओं में सांस्कृतिक आत्मविश्वास को सुदृढ़ करना है। विश्वविद्यालय प्रशासन का मानना है कि यह पहल न केवल संस्थान की विशिष्ट पहचान को मजबूत करेगी, बल्कि अन्य विश्वविद्यालयों के लिए भी एक प्रेरणादायक उदाहरण सिद्ध हो सकती है।

**दैनिक भास्कर** सीकर भास्कर 29-03-2026





सीकर. शेखावाटी यूनिवर्सिटी के दीक्षांत समारोह में स्टूडेंट्स को सम्मानित करते राज्यपाल हरिभाऊ बागड़े व कुलगुरु प्रो. अनिल राय। पीएचडी की मानद उपाधि से नवाजे गए तीनों विशिष्टजन व राज्यपाल।

### शेखावाटी विवि के दीक्षांत समारोह में आए राज्यपाल हरिभाऊ बागड़े, बोले- छोरों को नौकरी मिलेगी तो छोकरी भी जल्दी मिलेगी

# मुगलों ने बदली थी हमारी शिक्षा व संस्कृति, बच्चे अब फिर से महाराणा प्रताप व शिवाजी की जीवनी पढ़ेंगे : राज्यपाल

भास्कर संवाददाता | सीकर

शेखावाटी विश्वविद्यालय का दीक्षांत समारोह शनिवार को राज्यपाल हरिभाऊ बागड़े की अध्यक्षता में नए उत्साह और राष्ट्रीय चेतना के साथ संपन्न हुआ। राज्यपाल ने कहा कि हमारे देश में अंग्रेजों के आने से पहले 8 लाख गुरुकुल थे। उन गुरुकुल में जो बच्चे जाते थे वे आयुर्वेद और इंजीनियरिंग सीखते थे। लेकिन मुगलों ने आने के बाद हमारी संस्कृति को भी उखाड़ने को सोचा, हमारी शिक्षण पद्धति बदल दी। उन्होंने लोगों का धर्मांतरण किया।

हमें स्कूलों में राणा प्रताप, छत्रपति शिवाजी महाराज जैसे वीर योद्धाओं के बजाय मुगलों का इतिहास पढ़ाया गया, जिसमें सिखाया गया औरंगजेब बड़ा ताकतवर था, अकबर भी बहुत होशियार था। लेकिन अब नालंदा और तक्षशिला का इतिहास फिर से लौट कर आएगा। बच्चे फिर से राणा प्रताप व छत्रपति शिवाजी की जीवनी पढ़ेंगे। चुटकी लेते हुए उन्होंने कहा कि छोरों नौकरी मिलेगी तो छोकरी भी जल्दी मिल जाएगी।

## समारोह में 39 स्टूडेंट्स को प्रदान किए गोल्ड मेडल, इनमें 33 बेटियां शामिल



गोल्ड मेडल से सम्मानित स्टूडेंट्स व अन्य लोग।

राज्यपाल ने समारोह में 39 छात्र-छात्राओं को गोल्ड मेडल से सम्मानित किया। इसमें 33 बेटियां व 6 लड़के शामिल थे। कला संकाय के 34846, विज्ञान संकाय के 15743, वाणिज्य संकाय के 3362, समाज विज्ञान संकाय के 12457, शिक्षा संकाय के 24232 व विधि संकाय के 38 स्नातक व स्नातकोत्तर स्टूडेंट्स की उपाधियां जारी की गईं। इस दौरान को कुछ प्रदान भी की गईं। इसी के साथ विश्वविद्यालय का दो दिवसीय वार्षिकोत्सव शुरू हो गया। कई सांस्कृतिक कार्यक्रम हुए।

### अघोरी बाबा सहित 3 को मानद उपाधि

राज्यपाल ने महाराष्ट्र के रामचन्द्र नीलकंठ भोगले, पश्चिमी बंगाल के डॉ. धनपतराम अग्रवाल व मुकंदगढ़ के अघोरी बाबा शैलेंद्रनाथ को मानद उपाधि प्रदान की। 5 को शेखावाटी भूषण व तीन को शेखावाटी शिरोमणि सम्मान दिया गया।

**शेखावाटी शिरोमणि सम्मान :** प्रख्यात चिकित्सक डॉ. घनश्याम लाल राठी, डॉ. विनोद कुमार जैन तथा शिक्षाविद् डॉ. रतनलाल मिश्रा को 'शेखावाटी शिरोमणि सम्मान 2026 से सम्मानित किया गया।

**शेखावाटी भूषण सम्मान :** समाजसेवा व विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय योगदान के लिए रामेश्वर लाल जांगिड़, लक्ष्मी नारायण राड, प्रदीप कुमार सैनी, गोपाल कृष्ण शर्मा व कर्नल राजेश भूकर को शेखावाटी भूषण सम्मान प्रदान किया गया।

**अनुसंधान केंद्र व प्रेरणा स्थल का उद्घाटन किया :** राज्यपाल ने विवि में प्रेरणा स्थल, पंडित दीनदयाल उपाध्याय अनुसंधान केंद्र व हस्तशिल्प प्रदर्शनी का उद्घाटन किया। उन्होंने प्रदर्शनी का जायजा भी लिया।

### दीक्षांत समारोह अंत नहीं, जीवन की नई शुरुआत है

राज्यपाल ने युवाओं को संबोधित करते हुए स्पष्ट किया कि दीक्षांत समारोह अंत नहीं, बल्कि जीवन की नई शुरुआत है। उन्होंने प्रतियोगी परीक्षाओं, उद्यमिता और कौशल विकास में आगे बढ़ने का आह्वान किया। कहा, शिक्षा ही गरीबी और सामाजिक विषमता को खत्म करने का सबसे सशक्त माध्यम है। कहा, देश की आजादी से पूर्व घनश्याम दास बिड़ला ने महात्मा गांधी के साथ मिलकर देश में उद्योगों को प्रारंभिक रूप देने में महत्वपूर्ण योगदान दिया था।

कुलगुरु डॉ. अनिल कुमार राय ने अतिथियों का स्वागत किया। पद्मश्री प्रो. जगमोहन सिंह राजपूत, कलेक्टर मुकुल शर्मा, एसपी प्रवीण नायक नूनावत, एडीएम रतन कुमार, पूर्व विधायक रतन जलधारी, एएसपी डॉ. तेजपाल सिंह, कुलसचिव श्वेता यादव, परीक्षा नियंत्रक प्रो. राजेंद्र सिंह आदि मौजूद थे।

---

**पहल** | शेखावाटी विवि और हरिदेव जोशी पत्रकारिता विवि के बीच एमओयू

# शोध और नवाचार के लिए साथ आए दो विश्वविद्यालय

बेधड़क | जयपुर

पंडित दीनदयाल उपाध्याय शेखावाटी विश्वविद्यालय, सीकर और हरिदेव जोशी पत्रकारिता और जनसंचार विश्वविद्यालय (एचजेयू) जयपुर के बीच शोध और शैक्षणिक आदान-प्रदान को लेकर एमओयू (मेमोरंडम ऑफ अंडरस्टेडिंग) हुआ। शेखावाटी यूनिवर्सिटी के कुलपति प्रो. डॉ. अनिल कुमार राय ने बताया कि इस समझौते के तहत शेखावाटी विश्वविद्यालय और हरिदेव जोशी पत्रकारिता विवि, शिक्षा, शोध और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के क्षेत्र में संयुक्त रूप से काम करेंगे। प्रो.

### ऑनलाइन रिसर्च इंटर्नशिप को मिलेगा प्रोत्साहन

दोनों संस्थान अपने छात्रों के लिए ऑनलाइन रिसर्च इंटर्नशिप को प्रोत्साहित करने का भी काम करेंगे। फैकल्टी के साथ ही स्टूडेंट एक्सचेंज, संयुक्त सेमिनार और वर्कशॉप, अल्पकालीन शैक्षणिक कार्यक्रम, टैक्नोलॉजी ट्रांसफर जैसे मुख्य आयामों को भी इस एमओयू में शामिल किया गया है। उच्च शिक्षा और नई शिक्षा नीति के क्षेत्र में नए अवसरों और सहयोग के लिए रणनीतियों को शामिल किया गया। शेखावाटी विवि के डिप्टी रजिस्ट्रार (एकेडेमिक) डॉ. रवींद्र कुमार कटेवा, असिस्टेंट रजिस्ट्रार (परीक्षा) डॉ संजीव कुमार, परीक्षा नियंत्रक डॉ. अरिंदम बासु, डिप्टी डायरेक्टर आईटी पंकज मील और मीडिया प्रभारी डॉ. महेश गुप्ता समेत सभी कर्मचारियों ने इस एमओयू पर खुशी व्यक्त की।



के क्षेत्र में उत्कृष्टता प्राप्त करने के लिए प्रतिबद्ध होंगे। एमओयू पर शेखावाटी विवि की रजिस्ट्रार श्वेता यादव और हरिदेव जोशी पत्रकारिता

### तीन वर्ष के लिए किया गया समझौता

उन्होंने बताया कि यह समझौता हरिदेव जोशी पत्रकारिता एवं जनसंचार विश्वविद्यालय की कुलपति डॉ. सुधी राजीव की सहमति और सुझावों से तीन वर्ष के लिए किया गया है। प्रोफेसर राय ने बताया कि विश्वविद्यालय छात्रों और शिक्षकों के आदान-प्रदान को बढ़ावा देंगे और सामाजिक विकास के लिए संयुक्त

दैनिक भास्कर

# सीकर भास्कर 25-02-2026

### नए सत्र से लागू होगा सिस्टम, इससे सिलेबस से बाहर के सवाल भी रुकेंगे

# शेखावाटी विवि में लागू होगा ऑटोमेटेड सिस्टम, कम होगी पेपर लीक की आशंका

भास्कर संवाददाता | सीकर

शेखावाटी विश्वविद्यालय ने परीक्षा प्रणाली में आगामी सत्र से 'ऑटोमेटेड क्वेश्चन पेपर मैनेजमेंट सिस्टम' (एक्यूपीएमएस) लागू करने जा रहा है। इससे प्रश्न पत्र बनाने व प्रबंधन की पूरी प्रक्रिया डिजिटल होगी। इससे पेपर लीक जैसी घटनाओं पर न केवल विराम लगेगा, बल्कि मानवीय हस्तक्षेप समाप्त होने से परीक्षाओं में पारदर्शिता होगी।

शेखावाटी विवि इसे लागू करने वाला राजस्थान का पहला विश्वविद्यालय बनेगा। गौरतलब है कि अभी हाल ही में हुई परीक्षाओं के कुछ पेपर आउट ऑफ सिलेबस व पेपर में रिपीटेशन व एक पेपर में सवालों का अंग्रेजी अनुवाद नहीं आया था। इसलिए विवि प्रशासन ने ये कम कदम उठाया है। दैनिक भास्कर ने इन मुद्दों को प्रमुखता से उठा था।

*हमारा लक्ष्य एक ऐसी परीक्षा प्रणाली विकसित करना है, जहां मानवीय हस्तक्षेप न्यूनतम हो और तकनीकी सुरक्षा अधिकतम। एक्यूपीएमएस के लागू होने से न केवल गोपनीयता बढ़ेगी, बल्कि छात्रों को गलत या आउट ऑफ सिलेबस प्रश्नों जैसी समस्याओं से राहत मिलेगी। ये तकनीकी सुधार शेखावाटी विश्वविद्यालय की साख को राष्ट्रीय स्तर पर और सुदृढ़ करेगा। विश्वविद्यालय प्रशासन की कोशिश है कि इस नई व्यवस्था को अगले सत्र से ही शुरू कर दिया जाए।*
*-प्रो. राजेंद्र सिंह, परीक्षा नियंत्रक*

## एक्सपर्ट : पेपर प्रिंट होने तक सवालों की जानकारी लीक नहीं होगी

पंकज मील | उपनिदेशक (आईटी)

विश्वविद्यालय ने पारंपरिक पेपर सेटिंग की पुरानी और जोखिम भरी प्रक्रिया अब समाप्त हो जाएगी। नई प्रणाली पूरी तरह डिजिटल और 'एंड-टू-एंड एनक्रिप्टेड' होगी। इस सिस्टम की सबसे बड़ी विशेषता इसका 'रैंडम ऑटो-जनरेशन' सॉफ्टवेयर है।

इससे पेपर प्रिंट होने तक किसी को भी ये पता नहीं चलेगा कि परीक्षा में कौन से सवाल आने वाले हैं। इससे मानवीय हस्तक्षेप न्यूनतम रहेगा और गोपनीयता शत-प्रतिशत सुनिश्चित होगी। इसके अलावा विवि प्रशासन का ट्रांसपोर्टेशन व मेन पावर का खर्चा भी बचेगा।

**ऐसे काम करेगा नया 'स्मार्ट' सिस्टम :** विषय विशेषज्ञ अब हार्ड कॉपी की बजाय सुरक्षित ऑनलाइन पोर्टल पर अपने प्रश्न अपलोड करेंगे। इन विषय विशेषज्ञों की ओर से बैंक में अपलोड किए गए प्रश्नों को मिक्स कर एक पेपर तैयार होगा। ये पोर्टल 24 उपलब्ध रहेगा, जिससे शिक्षकों को समय और प्रक्रिया दोनों में सुविधा मिलेगी।

**सख्त मॉडरेशन :** अपलोड किए गए प्रश्नों की जांच नियुक्त विषय विशेषज्ञ मॉडरेटर की ओर से की जाएगी। यदि कोई प्रश्न पाठ्यक्रम से बाहर का पाया जाता है, तो उसे तुरंत रिजेक्ट कर दिया जाएगा। पाठ्यक्रम से बाहर या त्रुटिपूर्ण प्रश्नों को तत्काल निरस्त किया जा सकेगा, जिससे परीक्षा के दौरान किसी भी प्रकार की विसंगति की संभावना नहीं रहेगी।

**सीक्रेट की प्रिंटिंग व्यवस्था :** प्रश्न-पत्र को प्रिंटिंग प्रेस भेजने के लिए सिस्टम द्वारा जनरेटेड सीक्रेट की की आवश्यकता होगी, जिससे डेटा ट्रांसफर के दौरान सुरक्षा अभेद्य रहेगी।

### पेपर तैयार करने में 70 प्रतिशत समय बचेगा

विश्वविद्यालय प्रशासन का मानना है कि इस सिस्टम से प्रश्न-पत्र तैयार करने की प्रक्रिया में 70% समय की बचत होगी। इसके अलावा, सुरक्षित डिजिटल लॉजिस्टिक्स के कारण पेपर को भौतिक रूप से लाने-ले जाने का जोखिम भी खत्म हो जाएगा। प्रश्न पत्र निर्माता बंद लिफाफे में भेजने की बजाय डिजिटल ट्रांसफर कर सकेंगे।

**सॉफ्टवेयर का परीक्षण अंतिम चरण में :** सॉफ्टवेयर का परीक्षण (टेस्टिंग) अंतिम चरण में है। विश्वविद्यालय प्रशासन आगामी सेमेस्टर परीक्षाओं से इसे पूरी तरह धरातल पर उतारने की तैयारी कर चुका है। इसके सफल संचालन के लिए जल्द ही सभी विभागाध्यक्षों और शिक्षकों को विशेष तकनीकी प्रशिक्षण दिया जाएगा।

विश्वविद्यालय प्रशासन का दावा है कि इस प्रणाली से पेपर लीक की आशंका पर प्रभावी रोक लगेगी, प्रश्नपत्र तैयार करने में प्रक्रिया में मानवीय त्रुटियों की संभावना समाप्त होगी। इससे हर साल प्रश्न पत्रों में आने वाली त्रुटियों से भी छुटकारा मिल जाएगा।

### शेखावाटी विवि के पेपरों में हो रही खामियों को भास्कर उठाता रहा है

विवि की लापरवाही; एमएससी सेमेस्टर-1 में पेपर था फिजिकल कैमिस्ट्री का, तीसरे सेमेस्टर के सवाल पूछे



18 फरवरी को प्रकाशित खबर।

शेखावाटी विवि - परीक्षाओं में बढ़ता जा रहा गड़बड़ियों का सिलसिला

बीएड फर्स्ट सेमेस्टर परीक्षा; कम्प्यूटर साइंस में एमसीक्यू की जगह थ्योरी के प्रश्न आए

20 फरवरी को प्रकाशित खबर।


दैनिक भास्कर

# सीकर भास्कर 24-03-2026

### शेखावाटी विश्वविद्यालय में प्लेसमेंट ड्राइव आयोजित, 200 विद्यार्थियों ने लिया भाग

# अभी काम की नहीं, हुनरमंद युवाओं की कमी : प्रो. राय

भास्कर संवाददाता | सीकर



शेखावाटी विवि में आयोजित कार्यक्रम में मंचस्थ प्रो. राय व अन्य।

पंडित दीनदयाल उपाध्याय शेखावाटी विश्वविद्यालय में सोमवार को एनआईआईटी लिमिटेड गुरुग्राम की ओर से प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रो. अनिल कुमार राय व अकादमिक निदेशक डॉ. आरसी मीणा ने किया।

कुलगुरु प्रो. राय ने कहा कि आज के समय में काम की कमी नहीं है, बल्कि काम करने वाले दक्ष व समर्पित लोगों की कमी है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति के बाद अब विवि के स्वरूप बदल रहे हैं, अब हर विद्यार्थी के पास कोई न कोई हुनर और कौशल अवश्य होना चाहिए। इंटर्नशिप और इंडस्ट्री कोलैबरेशन भी आज की आवश्यकता है। प्रो. राय ने कहा कि प्लेसमेंट केवल करियर की शुरुआत है, असली चुनौती वहां स्वयं को स्थापित करना और निरंतर आगे बढ़ना है। इसके लिए विद्यार्थियों को मेहनत, अनुशासन व प्रतिबद्धता के साथ कार्य करना होगा। उन्होंने मोबाइल के अत्यधिक उपयोग को समय की बर्बादी बताते हुए छात्रों को इसे नियंत्रित करने की सलाह दी। उन्होंने छात्रों को सकारात्मक सोच व 100 प्रतिशत आत्मविश्वास के साथ कॉर्पोरेट जगत के लिए तैयार रहने का संदेश दिया।

विवि के प्लेसमेंट सेल के संयोजक डॉ. आरसी मीणा ने स्वागत भाषण दिया। कंपनी के मनोज कश्यप ने बताया कि इस प्लेसमेंट ड्राइव के माध्यम से एचडीएफसी बैंक में असिस्टेंट मैनेजर पद के लिए भर्ती की जाएगी। चयन प्रक्रिया में शामिल होने वाले विद्यार्थियों को प्रारंभिक स्क्रीनिंग के बाद विभिन्न चरणों से गुजरना होगा। प्लेसमेंट ड्राइव में विश्वविद्यालय परिसर सहित सीकर व झुंझुनूं जिले के विभिन्न महाविद्यालयों के लगभग 200 विद्यार्थियों ने भाग लिया। अब इनमें से कुछ बच्चों का चयन किया जाएगा।

विवि के प्लेसमेंट सेल के सह संयोजक डॉ. डीपी सिंह, एनआईआईटी के सीनियर मैनेजर ऋषभ गौतम, प्रतिभा चौधरी व असिस्टेंट काउंसलर निशु सहित अन्य अधिकारी, कर्मचारी, फैकल्टी मेंबर्स और सभी विभागों के विद्यार्थी उपस्थित थे। संचालन प्रबंधन विभाग की डॉ. ममता वर्मा ने किया।

# डॉ. जी.एल. राठी और डॉ. रतनलाल मिश्रा 'शेखावाटी शिरोमणि' अवॉर्ड से सम्मानित

**खबरों की दुनिया**



**सीकर।** पंडित दीनदयाल उपाध्याय शेखावाटी विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह में शनिवार को क्षेत्र की दो महान विभूतियों को 'शेखावाटी शिरोमणि' सम्मान से नवाजा गया। चिकित्सा और समाज सेवा में समर्पित डॉ. जी.एल. राठी एवं शिक्षा जगत के स्तंभ डॉ. रतनलाल मिश्रा को विश्वविद्यालय के सर्वोच्च सम्मान से सम्मानित किया गया।

समारोह के मुख्य अतिथि प्रोफेसर जगमोहन सिंह राजपूत और विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रोफेसर अनिल कुमार राय ने दोनों हस्तियों को यह प्रतिष्ठित अवॉर्ड प्रदान किया।

## इन क्षेत्रों में रहा विशेष योगदान -

डॉ. जी.एल. राठीः उन्हें चिकित्सा के क्षेत्र में उनकी निस्वार्थ सेवाओं और समाज के प्रति समर्पण के लिए यह सम्मान दिया गया। चिकित्सा जगत में उनके लंबे अनुभव का लाभ पूरे अंचल को मिला है।

डॉ. रतनलाल मिश्राः शिक्षा और समाज सेवा में विशिष्ट पहचान रखने वाले डॉ. मिश्रा को सीकर सहित संपूर्ण शेखावाटी अंचल में उच्च शिक्षा के विकास में उनके उल्लेखनीय योगदान के लिए सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर विश्वविद्यालय प्रशासन ने कहा कि इन दोनों ही हस्तियों ने अपने-अपने कार्यक्षेत्र में समाज को नई दिशा दी है और इनका व्यक्तित्व युवा पीढ़ी के लिए प्रेरणास्रोत है।

# शेखावाटी विश्वविद्यालय में सोनाक्षी मिस फ्रेशर व प्रदीप बने मिस्टर फ्रेशर

## विद्यार्थियों में संस्कार और चरित्र निर्माण बेहद जरूरी : कुलपति प्रो. अनिल राय

**न्यूजफ्लिक्स टाइम्स**





सीकर। पडित दीनदयाल उपाध्याय शेखावाटी विश्वविद्यालय, सीकर में बुधवार को नवआगंतुक विद्यार्थियों के लिए फ्रेशर्स पार्टी 2025 का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ कुलपति प्रो. (डॉ.) अनिल कुमार राय, कुलसचिव श्वेता यादव और अकादमिक निदेशक डॉ. आर.सी. मीना ने मां सरस्वती और पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन कर किया। इस अवसर पर नए विद्यार्थियों ने रैम्प वॉक की और सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी। कार्यक्रम में मिस फ्रेशर सोनाक्षी (पत्रकारिता एवं जनसंचार), रनर अप मीनाक्षी रही और प्रदीप कुमार (भौतिक विज्ञान) मिस्टर फ्रेशर चुने गए। चार जजों की कमेटी ने विद्यार्थियों की प्रतिभा और रैंपवॉक के आधार पर मिस्टर फ्रेशर और मिस फ्रेशर का चयन किया। विभिन्न राउंड के बाद इनका चयन किया गया। कार्यक्रम में राजस्थानी, गुजराती, पंजाबी, हरियाणवी समेत बॉलीवुड गीतों पर विद्यार्थियों ने आकर्षक डांस प्रस्तुत किया और श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। फ्रेशर्स पार्टी में विद्यार्थियों ने सेल्फी ली और सांस्कृतिक कार्यक्रमों का लुफ्त उठाया। विश्वविद्यालय के सीनियर छात्रों नें जूनियर्स को विश्वविद्यालय की कार्यप्रणाली से अवगत कराया। उन्होंने परिसर में अनुशासन का पालन करने का आग्रह किया।

**कड़ी मेहनत से ही मिलेगा लक्ष्य : कुलपति प्रो. राय**

इस अवसर पर विश्वविद्यालय के माननीय कुलपति प्रो. (डॉ.) अनिल कुमार राय ने कहा कि जीवन में संस्कार बेहद महत्वपूर्ण होते हैं, क्योंकि चरित्र निर्माण केवल कक्षा के भीतर नहीं, बल्कि कक्षा के बाहर के अनुभवों से अधिक होता है। उन्होंने विद्यार्थियों को बड़े सपने देखने और उन्हें पूरा करने का आग्रह करते हुए कहा कि जब सपने पूरे होते हैं तो वे वास्तविक रूप लेते हैं। प्रो. राय ने कहा कि मेहनत और लगन से ही अपने लक्ष्य की प्राप्ति की जा सकती है। इस तरह के कार्यक्रम विद्यार्थियों को अनुशासन और प्रबंधन सिखाते है। उन्होंने कहा कि अच्छा नागरिक बनना प्रत्येक विद्यार्थी का लक्ष्य होना चाहिए, क्योंकि व्यक्ति के अच्छे आचरण और व्यक्तित्व से ही उसकी पहचान बनती है। कार्यक्रम के समन्वयक डॉ. गोविन्द सिंह थे। आयोजन की सभी तैयारियां सामूहिक रूप से विद्यार्थियों ने की।

कार्यक्रम में कुलसचिव श्वेता यादव, परीक्षा नियंत्रक डॉ. राजेंद्र सिंह, उपकुलसचिव (सम्बद्धता) राम सिंह सरावग, अकादमिक निदेशक डॉ. आर. सी. मीना, उपनिदेशक आईटी पंकज मील, डॉ. महेश चंद गुप्ता, डॉ. बीएस राठौड़ आदि अधिकारी और फेकल्टी मैंबर्स उपस्थित थे।

**दैनिक भास्कर** सीकर भास्कर 03-12-2024

# शेखावाटी विवि को सर्वश्रेष्ठ संस्थान का पुरस्कार मिला

**भास्कर संवाददाता | सीकर**



पं. दीनदयाल उपाध्याय शेखावाटी यूनिवर्सिटी को मुंबई में राष्ट्रीय सर्वश्रेष्ठ संस्थान पुरस्कार से सम्मानित किया गया है। मुंबई में आयोजित 31वें बिजनेस स्कूल अफेयर एंड देवांग मेहता नेशनल एजुकेशन अवॉर्ड समारोह में यह अवार्ड कुलपति प्रो. अनिल कुमार राय ने प्राप्त किया।

प्रो. राय ने बताया कि प्रदेश के एकमात्र सरकारी संस्थान को यह पुरस्कार प्राप्त हुआ है। यह पुरस्कार विवि को अकादमिक उत्कृष्टता, नवाचार और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और स्किल ऑरिएंटेड कोर्स के लिए दिया गया। समारोह में कॉर्पोरेट और शैक्षिक क्षेत्रों की हस्तियां शामिल हुईं। देवांग मेहता फाउंडेशन द्वारा समर्थित बिजनेस स्कूल अफेयर और देवांग मेहता नेशनल एजुकेशन लीडरशिप अवाड्‌र्स शिक्षा के क्षेत्र में बेहतर काम करने वालों को दिए जाते हैं। प्रो. राय ने कहा कि यह सम्मान सभी टीचर्स और कर्मचारियों की मेहनत और लगन का फल है।

# शेखावाटी विवि के कुलगुरु प्रो. राय को मिला वाइस-चांसलर ऑफ द ईयर अवॉर्ड

## भारत से सिर्फ तीन शिक्षाविदों का हुआ था चयन

**सीकर टाइम्स । सीकर.** पंडित दीनदयाल उपाध्याय शेखावाटी विश्वविद्यालय, सीकर के कुलगुरु प्रो. (डॉ.) अनिल कुमार राय को लंदन स्कूल ऑफ डिजिटल बिजनेस की ओर से लीप 2025 ग्लोबल अवॉर्ड्स में प्रतिष्ठित 'वाइस-चांसलर ऑफ द ईयर' अवॉर्ड प्रदान किया गया है। यह सम्मान उन्हें शिक्षा के क्षेत्र में तकनीकी नवाचार, कुशल नेतृत्व क्षमता और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के लिए दिया गया है। कुलगुरु प्रो. अनिल कुमार राय ने बताया कि दुबई में ग्रैंड अवॉर्ड्स समारोह में यह सम्मान दिया जाना था, लेकिन काम की व्यस्तताओं के चलते वे



समारोह में शामिल नहीं हो पाए। लंदन स्कूल ऑफ डिजिटल बिजनेस के भारतीय प्रतिनिधि ने हाल ही यह ट्रॉफी, प्रमाण पत्र और स्मृति चिन्ह प्रदान किए है। उल्लेखनीय है कि इस सम्मान के लिए दुनिया भर में चुनिंदा शिक्षाविदों और भारत से केवल तीन विद्वतजनों का चयन हुआ है। राजस्थान से केवल प्रो. अनिल कुमार राय को इस सम्मान से

प्रोफेसर अनिल कुमार राय महात्मा गांधी केंद्रीय विश्वविद्याय, मोतीहारी, बिहार के कार्यकारी कुलपति तथा प्रति कुलपति रह चुके है।

उच्च शिक्षा तथा पत्रकारिता के क्षेत्र में किए गए महत्वपूर्ण योगदान के लिए प्रो. राय को भारत ज्योति पुरस्कार, संचारश्री पुरस्कार, उत्कृष्ट शिक्षक सम्मान और सामाजिक- सांस्कृतिक क्षेत्र में किए गए योगदानों के लिए विदर्भभूषण पुरस्कार, द्वारिकाधीश मानद उपाधि जैसे अनेक प्रतिष्ठित पुरस्कारों से अलंकृत किया गया है। प्रो. राय 23 पुस्तकों के लेखक-संपादक- संचयक, दर्जनों शोध पत्रों के प्रस्तोता है और वरिष्ठ चिंतक के रूप में जाने जाते है।

---

दैनिक भास्कर

सीकर भास्कर 26-10-2024

शेखावाटी विवि में हुआ चार विज्ञान अनुसंधान प्रयोगशालाओं का लोकार्पण

## भारत करेगा दुनिया का नेतृत्व : डॉ. रेड्डी

भास्कर संवाददाता | सीकर



शेखावाटी यूनिवर्सिटी में शुक्रवार को चार विज्ञान अनुसंधान प्रयोगशालाओं का लोकार्पण हुआ। मुख्य अतिथि भारतीय एयरोनॉटिकल सोसायटी के अध्यक्ष, डीआरडीओ के पूर्व अध्यक्ष और रक्षा मंत्री के वैज्ञानिक सलाहकार डॉ. जी. सतीश रेड्डी रहे। लोकार्पण के बाद डॉ. रेड्डी और डीआरडीओ के वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. अनन्त नारायण भट्ट समेत अन्य अतिथियों ने प्रयोगशालाओं का अवलोकन भी किया। साथ ही सभी अतिथियों ने शेखावाटी कुलपति डॉ. अनिल कुमार राय के साथ पं. दीनदयाल उपाध्याय की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की। संवाद कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि डीआरडीओ के वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. अनन्त नारायण भट्ट और निम्स विश्वविद्यालय के प्रो चांसलर प्रो. अमरीका सिंह रहे।

कुलपति ने अतिथियों का स्वागत किया। डॉ. रेड्डी ने विद्यार्थियों से कहा कि लक्ष्य पर फोकस रख हार्ड वर्क करो, कामयाबी जरूर मिलेगी। उन्होंने कहा कि आज भारत विज्ञान के क्षेत्र में जबरदस्त तरक्की कर रहा है और यही रफ्तार रही तो जल्द ही दुनिया का नेतृत्व करेगा। अध्यक्षता विवि कुलपति प्रो. राय ने की। संगोष्ठी संयोजक भारतीय शिक्षण मंडल के अखिल भारतीय युवा गतिविधि टोली सदस्य डॉ. मुकेश शर्मा व साइंस कॉलेज सीकर के सहआचार्य डॉ. चेतन जोशी रहे। संगोष्ठी सचिव विवि के डॉ. राजेन्द्र सिंह चुंडावत थे। संचालन डिप्टी रजिस्ट्रारव डॉ. चेतन जोशी ने किया।

---

पत्रिका

विद्यार्थी पॉडकास्ट, डॉक्यूमेंट्री व शॉर्ट फिल्म प्रोडक्शन, इंटरव्यू, एडिटिंग आदि पर कर रहे काम

## शेखावाटी विवि में बना हाइटेक मीडिया स्टूडियो, विद्यार्थी बना रहे शॉर्ट फिल्म और डॉक्यूमेंट्री

एक्सक्लूसिव

यादवेंद्र सिंह राठौड़
patrika.com

**सीकर.** पंडित दीनदयाल उपाध्याय शेखावाटी विश्वविद्यालय, सीकर में करोड़ों रुपए की लागत से हाइटेक मीडिया स्टूडियो, ऑडियो-विजुअल रूम तैयार किया गया है। यूनिवर्सिटी प्रशासन का दावा है कि अभी तक राजस्थान राज्य के स्ववित्तपोषित विश्वविद्यालयों में ऐसा हाइटेक मीडिया स्टूडियो नहीं है। मल्टीमीडिया सामग्री के निर्माण को सुविधाजनक बनाने के लिए उन्नत तकनीक और उपकरणों से सुसज्जित एक अत्याधुनिक स्टूडियो तैयार किया गया है।

इसमें ऑडियो और वीडियो उत्पादन, ग्राफिक डिजाइन, एनीमेशन और अन्य डिजिटल मीडिया प्रोजेक्ट शामिल हैं। स्टूडियो को छात्रों के एक रचनात्मक और सहयोगी स्थान प्रदान करने के लिए डिजाइन किया गया है। यहां छात्र-छात्राएं विभिन्न मल्टीमीडिया तत्वों का उपयोग करके अपने विचारों को जीवंत कर रहे हैं व प्रायोगिक अनुभव प्राप्त कर रहे हैं जिससे कि उन्हें जॉब शुरू करने के दौरान ज्यादा परेशानियां नहीं होंगी।

पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग के छात्र पॉडकास्ट, डॉक्यूमेंट्री प्रोडक्शन, शॉर्ट फिल्म प्रोडक्शन, इंटरव्यू, एडिटिंग, स्क्रीप्ट लिखने आदि पर काम कर रहे हैं।

विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. डॉ. अनिल कुमार राय ने बताया कि पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग में स्नातकोत्तर की 60 सीटें हैं। नए सत्र 2025-26 से विश्वविद्यालय में बीए-जेमसी कोर्स भी शुरू किया जाएगा। ऐसे में यहां पढ़ रहे छात्र-छात्राओं को मीडिया स्टूडियो में बारिकियां, इलेक्ट्रॉनिक मीडिया की ट्रेनिंग भी दी जा रही है।

विद्यार्थियों को टीवी चैनल की पूरी कार्यप्रणाली को जानने के साथ ही प्रैक्टिकल नॉलेज मिल रहा है। छात्र-छात्राओं को सोशल मीडिया, डिजिटल मीडिया के साथ ही सॉफ्टवेयर पर वीडियो, ऑडियो बनाने, क्लिप तैयार करने के साथ ही मिक्सिंग करने सहित सभी जरूरी चीजें सिखाई जा रही हैं। पत्रकारिता विभाग के छात्र-छात्राओं को स्टूडियो में बारिकियां, इलेक्ट्रॉनिक मीडिया में काम करने का अनुभव मिल रहा है।

### मीडिया स्टूडियो में ये सुविधाएं मौजूद हैं

मीडिया स्टूडियो में कैमरे वाला टेली प्रॉम्प्टर (पीपी), रिकॉर्डिंग कंसोल, रिकॉर्डिंग सिस्टम, लाइव स्ट्रीमिंग इंस्ट्रूमेंट, ऑडियो इंटरफेस मशीन, हाइक्वालिटी लाइट्स, माइक्रोफोन, एडिटिंग के एडवांस सॉफ्टवेयर, हैडफोन, रिमोट वाले 4 के स्टूडियो कैमरा, ऑटो फोकस, हाई फ्रेम रेट, लॉ लाइट शूटिंग, प्रोफेशनल ऑडियो मिस्क्सर एंड प्रोसेसिंग मशीन, कंट्रोल सिस्टम, डाटा वीडियो कंपनी, डिजिटल स्टोरेज एंड बैकअप सिस्टम, हाइ स्पीड इंटरनेट, ग्रीन रूम, क्रोमा स्क्रीन, इंटरकनेक्ट स्क्रीन, हाइक्वालिटी ट्राइपोड्स, 360 डिग्री एंगल पर काम करने वाले कैमरे भी हैं। टेलीविजन प्रोग्राम की आउटडोर व इनडोर प्रोडक्शन की सभी सुविधाएं मौजूद हैं।

### विद्यार्थियों को एक्सपोजर मिलेगा

यूनिवर्सिटी के हाइटेक मीडिया स्टूडियो के जरिए छात्र-छात्राओं को इनहैंड प्रैक्टिल की सुविधा मिल रही है। इससे उन्हें एक्सपोजर मिल रहा है। यूनिवर्सिटी के सभी कार्यक्रमों को पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग के विद्यार्थी लाइव कर रहे हैं। ऐसे में उन्हें मीडिया हाउस की संपूर्ण ट्रेनिंग यहीं मिल रही है। हमारा प्रयास रहेगा कि विद्यार्थियों की ओर से नियमित बुलेटिन भी निकाला जाए, जिससे उन्हें टीवी प्रोडक्शन के सभी आयामों का प्रशिक्षण मिल सकेगा।

**प्रो. डॉ. अनिल कुमार राय,** कुलपति, पंडित दीनदयाल उपाध्याय, शेखावाटी विश्वविद्यालय, सीकर

पत्रिका

### शेखावाटी विश्वविद्यालय में 3.30 करोड़ की लागत से तैयार होगी आर्टिफिशयल इंटेलिजेंस व मशीन लर्निंग लैब

# दुनिया के साथ कदमताल करेंगे हमारे छात्रः सीखेंगे एआइ

पत्रिका एक्सक्लूसिव

## एआई लैब के लिए टेंडर जारी

## जुलाई तक तैयार हो जाएगी प्रयोगशाला

## डेटा प्रोसेसिंग व ग्राफिक्स डिजाइनिंग भी सीख सकेंगे छात्र

यादवेंद्रसिंह राठौड़
patrika.com



**सीकर.** शेखावाटी विश्वविद्यालय का अकादमिक भवन (फाइल फोटो)

**सीकर.** यह उच्च शिक्षा हासिल करने वाले शेखावाटी क्षेत्र के विद्यार्थियों के लिए अच्छी खबर है। पंडित दीनदयाल उपाध्याय शेखावाटी विश्वविद्यालय, सीकर में 3.30 करोड़ रुपए की लागत से आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस (एआई) और मशीन लर्निंग (एमएल) लैब तैयार होगी। इस लैब के लिए टेंडर प्रकिया शुरू कर दी गई है और जुलाई में नया सत्र शुरू होने से पहले ही अत्याधुनिक उपकरण, मशीनें, हाई स्पीड कंप्यूटर से लैस यह लैब शुरू हो जाएगी। विश्वविद्यालय में इसी सत्र 2025-26 से आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और मशीन लर्निंग में स्नातकोत्तर डिप्लोमा कोर्स संचालित किया जा रहा है। कोर्स एक साल का होगा, जिसमें प्रथम वर्ष में 40 सीटें निर्धारित की गई हैं।

विश्वविद्यालय प्रबंधन का दावा है कि राजस्थान के किसी भी सरकारी विश्वविद्यालय में ऐसी एआई व एमएल लैब नहीं है। कुलपति प्रो. डॉ. अनिल कुमार राय ने बताया कि एकेडमिक काउंसिल से एआई व एमएल दोनों कोर्सेज की मान्यता मिल चुकी हैं। कोर्स शुरू होने से पहले ही एआई की अत्याधुनिक वातानुकूलित लैब बनकर तैयार हो जाएगी। प्रदेशभर के छात्र-छात्राएं एआई व एमएल डिप्लोमा कोर्स में प्रवेश ले सकेंगे। सरकारी व निजी क्षेत्र में वर्तमान में एआई कोर्स किए युवाओं की सबसे ज्यादा डिमांड है।

### लैब की विशिष्टताएं

लैब में उच्च-स्तरीय एआई सर्वर लगाया जाएगा। हाई स्पीड 40 कंप्यूटर सिस्टम, प्रोसेसरः इंटेल कोर आई-9 या समकक्ष उच्च-प्रदर्शन मल्टी-कोर प्रोसेसर, यूपीएस, नेटवर्किंग इन्फ्रास्ट्रक्चर, छात्रों और शिक्षक के लिए आधुनिक फर्नीचर, लैब गतिविधियों के लिए एक अलग सुरक्षित नेटवर्क, मजबूत फ़ायरवॉल और घुसपैठ का पता लगाने-रोकने वाली प्रणालियां, नेटवर्क निगरानी और पैकेट विश्लेषण उपकरण आदि लगाए जाएंगे। वहीं लैब में प्रवेश के लिए बायोमेट्रिक मशीन लगाई जाएगी। सीसीटीवी कैमरों से निगरानी और अग्निशमन उपकरण भी लगाए जाएंगे।

### एआइ रिसर्च के कार्य भी होंगे

शेखावाटी यूनिवर्सिटी के आईटी डिपार्टमेंट के डिप्टी डायरेक्टर पंकज सिंह ने बताया कि लैब में अत्याधुनिक एआई सर्वर लगेंगे। यह पाठ्यक्रम छात्रों को एआई और एमएल के सिद्धांतों और अनुप्रयोगों में गहन ज्ञान प्रदान करेगा। इसके लिए एक शक्तिशाली कंप्यूटिंग अवसंरचना की आवश्यकता है, जो बड़े डेटासेट और जटिल एल्गोरिदम को संभाल सके। एआई, एमएल के साथ ही एआई के रिसर्च से संबंधित कार्य, डेटा प्रोसेसिंग, ग्राफिक्स डिजाइनिंग से संबंधित कार्य हो सकेंगे। ओपन सोर्स के प्रोजेक्ट काम में लिए जाएंगे, इसमें पायथन प्रोग्रामिंग लैंग्वेज के माध्यम से विभिन्न रिसर्च के सॉफ्टवेयर भी चलाए जाएंगे।

### यह भी जानें: एआइ पाठ्यक्रम का महत्व

पत्रिका अवेयरनेस

आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) और मशीन लर्निंग (एमएल) 21वीं सदी के सबसे तेजी से बढ़ते तकनीकी क्षेत्रों में से एक है। यह पाठ्यक्रम छात्रों को डेटा विश्लेषण, पैटर्न रिकॉग्निशन, प्राकृतिक भाषा प्रसंस्करण और रोबोटिक्स जैसे क्षेत्रों में आवश्यक कौशल प्रदान करता है। यह उन्हें एआई इंजीनियर, डेटा साइंटिस्ट, मशीन लर्निंग इंजीनियर और रिसर्च साइंटिस्ट जैसे उच्च-मांग वाले करियर के लिए तैयार करेगा। विशेषज्ञों का कहना है कि ऐसे में यह डिप्लोमा करने वाले विद्यार्थी देश- दुनिया के साथ कदमताल करते हुए विभिन्न उद्योगों में नवाचार और दक्षता बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे।

06/06/2025 | Sikar City | Page : 20
Source : https://epaper.patrika.com/

दैनिक भास्कर सीकर भास्कर 08-10-2025

# शेखावाटी विवि को मिला टैंक टी-55, इससे 1971 सहित कई युद्ध लड़े गए थे, 1960 के दशक में सेना में किया था शामिल

भास्कर संवाददाता | सीकर



पं. दीनदयाल उपाध्याय शेखावाटी विश्वविद्यालय को भारतीय सेना ने पराक्रम और शौर्य के प्रतीक के रूप में ऐतिहासिक टैंक टी-55 और दो तोपों का अनमोल तोहफा दिया है। ये युद्ध-ट्रॉफी अब विवि परिसर में विद्यार्थियों और युवाओं को भारतीय सेना के अदम्य साहस, देशभक्ति और गौरवपूर्ण इतिहास से रूबरू कराएगी। विवि के कुलगुरु प्रो. अनिल कुमार राय ने बताया कि ये ऐतिहासिक टैंक और तोपें केवल सेना के हथियार नहीं, बल्कि शौर्य, बलिदान और पराक्रम के जीवंत प्रतीक हैं। यह टैंक मंगलवार को किरकी, पुणे से शेखावाटी विवि पहुंच गया। दोनों तोपें भी जबलपुर से अगले सप्ताह तक यहां पहुंच जाएंगी। ये युद्ध-स्मृति चिन्ह विश्वविद्यालय के मुख्य द्वार पर स्थित शौर्य दीवार के पास स्थापित किए जाएंगे। जबलपुर से तोपें आने के बाद ही इन दोनों तोहफों का एक साथ उद्घाटन किया जाएगा।

**जानिए, क्या है टी-55 टैंक की खासियत :** टी-55 टैंक सोवियत संघ में निर्मित एक प्रमुख युद्धक टैंक है, जिसे भारतीय सेना ने 1960 के दशक में अपने बेड़े में शामिल किया था। लगभग 36 टन वजनी यह टैंक 100/105 मिमी की मुख्य तोप से लैस था। इस टैंक ने 1965 और 1971 के भारत-पाक युद्धों में इसने निर्णायक भूमिका निभाई। विशेष रूप से 1971 के बांग्लादेश मुक्ति संग्राम में इस टैंक ने दुश्मन के टैंकों को ध्वस्त कर भारतीय सेना की विजय में अहम योगदान दिया।

**दो तोपें व माउंटिंग की ऐतिहासिक भूमिका :** सेना से मिली ये दो प्रतिघात-रहित एंटी-टैंक तोपें युद्ध के दौरान बख्तरबंद वाहनों को नष्ट करने में प्रभावी रही हैं। इन्हें जमीन से या हल्के वाहनों पर लगाकर प्रयोग किया जाता था। 1971 के युद्ध सहित कई अभियानों में इन तोपों ने टैंक-रोधी रणनीतियों में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी।

**शेखावाटी का शौर्य: वीरों की भूमि की अमर गाथा:** शेखावाटी अंचल सदियों से वीरों की भूमि के रूप में प्रसिद्ध है। राजस्थान के कुल शहीदों में से लगभग हर दूसरा शहीद शेखावाटी क्षेत्र से आता है। 1971 के युद्ध में अकेले सीकर जिले के 50 से अधिक वीर सपूतों ने राष्ट्र की रक्षा में सर्वोच्च बलिदान दिया।




Registrar
PANDIT DEENDAYAL UPADHYAYA
SHEKHAWATI UNIVERSITY, SIKAR

**Email:**
**registrar@shekhauni.ac.in**
**Website:**
**http://shekhauni.ac.in**
**Radio Shekhawati: 91.2Mhz**